Title: Need for construction of a by-pass in Ranchi, Jharkhand - Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान झारखंड की राजधानी रांची में बाईपास के न होने से यहां के लोगों की दिक्कत की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस राजधानी की आबादी 15 लाख के करीब है एवं बाईपास के न होने से यहां का यातायात कई घंटों तक जाम रहता है एवं झारखंड के कई जिलों एवं कई राज्यों के शहरों के बीच व्यवसाय किस्म के वाहन सी क्षेत्र से गुजरते हैं। इस संबंध में मैं सदन का ध्यान कई बार दिला चुका हूं, परंतु इस संबंध मे कोई भी साकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है। कई छोटे शहरों में बाईपास है एवं एक राज्य की राजधानी में बाईपास का न होना आश्चर्यजनक लगता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड की राजधानी रांची में एक बाईपास तत्काल बनवाने हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाये।